न्यायालय भू अभिलेख अधिकारी (एस.डी.ओ.) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी : श्री रोहित कुमार, आर.ए.एस

मुकदमा न0 160 / 2020

प्रार्थीनी :–

1.भंवरलाल पुत्र उकाराम जाति माली निवासी पचपदरा

वनाम

विप्रार्थी :–. 1. मदनलाल पुत्र उकाराम जाति माली
2.. पुखराज पुत्र उकाराम जाति माली निवासी पचपदरा
3.राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पचपदरा

<u>आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू0–राजस्व अधिनियम 1956</u>
<u>वास्ते रेकर्ड दुरूस्ती</u>

'आदेश'

दिनांक :–19.10.2020

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र **अन्तर्गत धारा 131, 136 आ.टी.ए के तहत पेश कर** संक्षिप्त रूप से जाहिर किया कि प्रार्थी व विप्रार्थीगण का ग्राम पचपदरा की जमाबंदी सवंत 2070 से 2073 के खाता संख्या 576 में दर्ज खसरा संख्या 984 / 768 रकबा 19.07 बीघा का खातेदार था जिसमें से एनएच 25 का बाईपास निकलने के कारण प्रार्थी के खाते में वर्तमान में खसरान संख्या 2396 / 768 रकबा 18.02.16 बीघा भूमि दर्ज है । प्रार्थी व विप्रार्थी संख्या 1 व 2 पूर्व में शामलाती खातेदार थे जो खसरा संख्या 768 के सहखातेदार थे। प्रार्थी व विप्रार्थी सं. 1 व 2 द्वारा अपनी संयुक्त खातेदारी की भूमि का आपसी खहमति से विभाजन करवाया था।विभाजन की नक्शे में तरमीम व प्रार्थीगण का कब्जा काश्त के मौके में अन्तर है। प्रार्थी व विप्रार्थी सं. 1 भूमि एनएच 25 निकलने से प्रभावित हुई है वह यथावत है इसमें प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार के अनुतोष नहीं चाहा गया है। अतः प्रार्थी व विप्रार्थी सं. 1 व 2 के रेकर्ड जमाबंदी व नक्शा तरमीम को संलग्न संशोधित विवरण एवं नक्शा के अनुसार दुरस्त करने के आदेश करने का निवेदन किया है ।

हमने पक्षकारान को सुना पत्रावली में संलग्न परिशिष्ट –'अ' खसरो का संशोधित विवरण, सहमति पत्र, दुरूस्ती हेतु प्रस्तावित मानचित्र, जमाबंदी संवत् 2070–2073 एवं विप्रार्थीगण के आधार कार्ड का अवलोकन व अध्ययन किया गया है । प्रार्थी व विप्रार्थीगण के आपसी सहमति से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः तहसीलदार पचपदरा को आदेशित किया जाता है कि परिशिष्ट – 'अ' के अनुसार शुद्वि कर रेकर्ड व नक्शा में तरमीम दुरूस्त करें।

निर्णय आज दिनांक 19.10.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।
पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(रोहित कुमार)
भू अभिलेख अधिकारी
(एस.डी.ओ.) बालोतरा

सहायक कलेक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

सहायक कलेक्टर (S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner

भंवरलाल

क. स.	नाम खातेदार	वर्तमान खसरा न.	वर्तमान रकबा	प्रस्तावित संशोधन	
				खसरा संख्या	रकबा
1	भंवरलाल पुत्र उकाराम कौम माली सा. देह खातेदार	2396 / 768	18.02.16	2396 / 928	17.15
				2396 / 928	0.07.16
				योग –2	18.02.16
2	मदनलाल पुत्र उकाराम कौम माली सा. देह खातेदार	2398 / 985	11.09.05	2398 / 985	12.07
		2400 / 985	2.19.11	2400 / 985	02.01.16
		योग–2	14.08.16	योग–2	14.08.16
3	पुखराज पुत्र उकाराम कौम माली सा. देह खातेदार	983 / 768	19.06	983 / 768	19.06

भवरलाल

मदनलाल

पुखराज

सहायक कलेक्टर
(S.D.O.) बालोतरा

Scanned by CamScanner